# हवाई दिक्कतें बढ़ी तो रेलवे ने दिया सहारा

## 37 प्रीमियम ट्रेनों में लगे नए कोच
## 116 अतिरिक्त कोच जुड़ेंगे



**नई दिल्ली, 06 दिसबंर. इंडिगो की उड़ानों में आई तकनीकी और परिचालन संबंधी चुनौतियों ने देशभर के यात्रियों को बड़ी दिक्कत में डाल दिया है.**

अचानक सैकड़ों उड़ानें प्रभावित होने से हवाई यात्रियों की भारी भीड़ रेलवे की ओर उमड़ गई. इस अप्रत्याशित स्थिति ने प्रमुख मार्गों पर रेलवे के दबाव को कई गुना बढ़ा दिया. ऐसे हालात में भारतीय रेलवे ने रिकॉर्ड समय में एक महत्वपूर्ण और व्यापक कदम उठाया है. यात्रियों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए रेलवे ने देशभर की 37 प्रीमियम ट्रेनों में 116 अतिरिक्त कोच जोड़ने का निर्णय लिया, जिससे तुरंत हजारों नई सीटें उपलब्ध हो गई हैं. दक्षिण रेलवे ने सबसे तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए 18 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए. उत्तर रेलवे ने दिल्ली-केंद्रित भीड़भाड़ वाले कॉरिडोर में 3एसी और चेयर कार कोच की संख्या बढ़ाई, जबकि पश्चिमी रेलवे ने मुंबई-दिल्ली कॉरिडोर को राहत देने के लिए 2एसी और 3एसी कोच जोड़े.

### रेलवे ने चार जोड़ी स्पेशल ट्रेनें चलाने का लिया निर्णय

मुंबई-भिवानी, मुंबई-शकूरबस्ती, बांद्रा-दुर्गापुरा और वलसाड-बिलासपुर रूट पर संचालन होगी. बुकिंग 6 से 8 दिसंबर के बीच शुरू; विस्तृत जानकारी रेलवे इंक्वायरी पोर्टल पर उपलब्ध. यात्रियों को राहत देते हुए पश्चिम रेलवे ने शनिवार को घोषणा की कि दिसंबर व जनवरी में यात्रा मांग को देखते हुए चार जोड़ी विशेष सुपरफास्ट ट्रेनों का संचालन किया जाएगा. ये ट्रेनें राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे प्रमुख राज्यों से होकर गुजरेंगी. रेलवे ने बताया कि इन ट्रेनों का उद्देश्य त्योहारी व भीड़भाड़ वाले मौसम में यात्रियों की सुविधा को सुगम बनाना है. मंगलवार-शुक्रवार को मुंबई से, बुधवार-शनिवार को भिवानी से प्रस्थान. प्रमुख स्टॉपेज-वडोदरा, रतलाम, अजमेर, जयपुर, अलवर, रेवाड़ी आदि. कोच- एसी -3 टियर, स्लीपर, जनरल. मुंबई सेंट्रल-शकूर बस्ती सुपरफास्ट स्पेशल (09003/09004) 32 फेरे, 8 से 30 दिसंबर तक. मुंबई से मंगलवार और शुक्रवार छोड़कर प्रतिदिन, सकूर बस्ती से बुधवार और शनिवार छोड़कर रोज़. प्रमुख स्टॉपेज- वडोदरा, कोटा, भरतपुर, मथुरा, दिल्ली सफदरजंग आदि. कोच-एसी -3 टियर, स्लीपर, जनरल. बांद्रा टर्मिनस-दुर्गापुरा (जयपुर) सुपरफास्ट स्पेशल (09730/09729) केवल दो फेरे.

# अपनी विदेश नीति स्वयं तय करता है भारत

- जयशंकर ने पुतिन दौरे पर चल रही अफवाहों को खारिज किया
- अमेरिका साथ संबंध हमेशा स्थिर व विश्वसनीय रहने की बात दोहराई

जयशंकर ने कहा दोनों देशों का सालाना व्यापार फिलहाल लगभग 191 अरब डॉलर है, जिसे 2030 तक 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है. इस समझौते की घोषणा साल की शुरुआत में धानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुई थी. विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-रूस संबंधों को दुनिया के सबसे स्थिर, मजबूत और बड़े रिश्तों में से एक बताया. उन्होंने कहा, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की दो दिवसीय भारत यात्रा का मकसद दोनों देशों के बीच के असंतुलन को दूर करना था.



**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर. जयशंकर ने कहा भारत अपनी विदेश नीति स्वयं तय करता है, अमेरिका से व्यापार बातचीत तय समय पर जारी रहेगी.**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को स्पष्ट किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा का भारत-अमेरिका संबंधों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा. वह लीडरशिप समिट 2025 में बोल रहे थे, जहां उन्होंने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत किन देशों से दोस्ती करेगा, यह पूरी तरह भारत का अपना फैसला है. उन्होंने उन अफवाहों को भी खारिज किया जिनमें कहा जा रहा था कि पुतिन की भारत यात्रा से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की बातचीत प्रभावित हो सकती है. जयशंकर ने कहा हर बड़ा देश जानता है कि भारत के सभी प्रमुख देशों से संबंध हैं. यह उम्मीद करना कि भारत अपने रिश्ते किसी तीसरे देश की इच्छा से तय करेगा, बिल्कुल उचित नहीं है. विदेश मंत्री ने आश्वासन दिया कि अमेरिका के साथ होने वाली व्यापार बातचीत में भारत किसानों, मजदूरों,व्यापारियों और मध्यम वर्ग के हितों की पूरी सुरक्षा करेगा. भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की औपचारिक बातचीत 10 दिसंबर से शुरू होने की उम्मीद है.

# जापान में शादी के बाद भी रख सकेंगे शादी से पहले का उपनाम

**टोक्यो, 06 दिसंबर. विवाह से पहले के उपनाम को बनाए रखने की अनुमति देने की जापान की पहल ने एक गहरे सांस्कृतिक विवाद को हवा दी है.**

सूत्रों के अनुसार, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए जापान की सरकार एक नए बुनियादी कार्यक्रम में जन्म के समय मिले उपनामों को मान्यता देने के लिए कानून लाने का विचार कर रही है. इस योजना को इस महीने के अंत में कैबिनेट से अनुमोदन मिलने की उम्मीद है. सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी अगले साल के संसदीय सत्र के दौरान इस संबंध में विधेयक प्रस्तुत करने की उम्मीद कर रही है. दरअसल, आधुनिक कानूनों के



शादी के बाद औरत को अपने पति का उपनाम अपनाना पड़ता है. मेइजी काल में जापान ने इस आधुनिक परिवार व्यवस्था को अपनाया, ताकि परिवार की एकता बनी रहे और वंश के साथ-साथ परंपरा का निर्वाह होता रहे. इस परंपरा और कानून के कारण शादी के बाद लगभग सभी महिलाओं को अपना उपनाम बदलकर पति के नाम पर रखना पड़ता है.

# हवाई यात्रा संकट की सरकार ले जिम्मेदारी

## स्थिति को संभालने में विफल रहे नागर विमानन मंत्री : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 06 दिसम्बर. कांग्रेस ने देशभर में हवाई यात्रियों के समक्ष पैदा हुए अभूतपूर्व संकट को सरकार के एकाधिकार की नीति का पहला नमूना बताया और कहा कि स्थिति को संभालने में विफल रहे नागर विमानन मंत्री के राम मोहन नायडू को जिम्मेदारी लेते हुए सरकार को इस पर श्वेतपत्र जारी करना चाहिए.**

कांग्रेस ने कहा कि विमानन कंपनी इंडिगो के कारण देश के नागरिकों के समक्ष विमानन क्षेत्र में जो अभूतपूर्व संकट खड़ा हुआ वह सरकार की एकाधिकार नीति का एक नमूना मात्र है और आने वाले समय में एकाधिकार की सरकार



की नीति का खामियाजा देश के नागरिकों को बड़े पैमाने पर भुगतना पड़ेगा. कांग्रेस सांसद शशिकांत सेंथिल ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले कुछ दिनों में देश ने अब तक का सबसे बड़ा विमानन संकट देखा है. हजारों उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और आज शनिवार को भी 600 से अधिक उड़ानें रद्द की गई हैं.

इस संकट के कारण देश भर में अनगिनत यात्री जगह-जगह फंसे हुए हैं. यह संकट अभूतपूर्व है और इसके कारण यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में और अपने जरूरी काम करने से वंचित होना पड़ रहा है. उन्होंने कहा कि इस तरह की स्थिति विमानन क्षेत्र में करीब डेढ़ साल से बनी हुई है लेकिन कुछ दिनों में यह संकट अपने चरम पर पहुंचा है. नागर विमानन महानिदेशालय-डीजीसीए के पायलटों के लिए फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन नियमों के कारण यह संकट खड़ा हुआ है.

# अमेरिका में दो भारतीय छात्रों की दम घुटने से मौत

**वॉशिंगटन, 6 दिसंबर.** बर्मिंघम शहर में स्थित एक अपार्टमेंट कॉम्प्लेक्स में शुक्रवार-शनिवार रात अचानक आग लग गई. हादसे के समय वहां लगभग दस भारतीय छात्र रह रहे थे, जो अलाबामा विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे. अन्य छात्रों की मदद और दमकल विभाग के रेस्क्यू अभियान के चलते कुल 13 छात्रों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. हालांकि, दो छात्रों को गंभीर स्थिति में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. दोनों छात्र हैदराबाद के रहने वाले थे. स्थानीय प्रशासन और जांच एजेंसियां आग लगने के कारणों की जांच कर रही हैं.

# ईडी ने रिलायंस पावर के खिलाफ पूरक आरोप-पत्र किया दायर

- एसईसीआई टेंडर धोखाधड़ी मामले में कार्रवाई

**नई दिल्ली, 06 दिसंबर. प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को रिलायंस पावर लिमिटेड के खिलाफ एक मामले में पूरक चार्जशीट दायर की.**



जिसमें कंपनी पर सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) के टेंडर को हासिल करने के लिए कथित रूप से फर्जी बैंक गारंटी जमा करने का आरोप है. ईडी ने अपनी जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की. एक प्राथमिकी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड (रिलायंस पावर लिमिटेड की शत-प्रतिशत सहायक कंपनी) के खिलाफ एसईसीएल की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जबकि दूसरी प्राथमिकी रिलायंस एनयू बीईएसएस लिमिटेड ने बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रबंध निदेशक पार्थ सारथी बिस्वाल के खिलाफ दर्ज कराई थी. ईडी के एक अधिकारी ने कहा, रिलायंस पावर लिमिटेड (अपनी सहायक कंपनी रिलायंस एनयू बीयूएसएस लिमिटेड के माध्यम से) ने एसईसीआई के एक टेंडर के लिए बोली लगाई थी.

# सुरक्षा घेरे में अयोध्या, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**अयोध्या में चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम**

**अयोध्या 06 दिसम्बर. अयोध्या समेत पूरे यूपी में शनिवार को चाक चौबंद सुरक्षा इंतजाम के इंतजाम किए गए. इसी बीच श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन पूजन किया.**

शहर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन तलाशी ली गयी. अयोध्या के प्रवेश मार्गों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी.वाहन में बैठे हुए लोगों की आईडी चेक किये गये, साथ ही होटल और धर्मशाला पर भी चेकिंग की गयी. अयोध्या के प्रशासनिक अधिकारी लगातार सड़कों पर पैदल गश्त करते दिखे. नयाघाट लता मंगेशकर




चौक से राम मंदिर तक सुरक्षा बालों का रूट मार्च निकाला. पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया फोर्स ने चौक-चौराहों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में फ्लैग मार्च कर लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाया. अयोध्या की सुरक्षा में लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पूरी अयोध्या की निगरानी की जा रही थी. यही नहीं अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों में अलग से सुरक्षा बलों को तैनात किया. दर्शन पास का कोटा सुबह से पूर्ण हो चुका था. नित्य रामकोट परिक्रमा के नियमित परिक्रमार्थी और हनुमान गढ़ी के पुजारी रमेश दास ने कहा अब अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण पूर्ण हो चुका है.

काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर सहित गंगा घाटों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस व अर्द्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है. सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने शनिवार को बताया कि मंदिर के बाहर स्पेशल कमांडो तैनात किए गए हैं. संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में छतों पर भी सुरक्षाबल तैनात किए गए हैं. शुक्रवार देर शाम अपर पुलिस आयुक्त शिवहरि मीणा ने स्वयं गलियों, गंगा घाटों तथा काशी विश्वनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया.

# प्रीमियम मैचमेकिंग की ग्रैंड ओपनिंग



**नई दिल्ली 06 दिसंबर. साइकोरियन मैट्रिमोनियल सर्विसेज का ग्रैंड ओपनिंग समारोह 5 दिसंबर को प्रीमियम मैचमेकिंग सेवाओं में एक नए अध्याय की शुरुआत है.**

यह ग्रैंड ओपनिंग भारत की प्रतिष्ठित प्रीमियम मैचमेकिंग कंपनी साइकोरियन मैट्रिमोनियल सर्विसेज लिमिटेड, जो 1996 से विवाह सेवाओं के क्षेत्र में विष्वसनीय नाम है, अब एक नए अध्याय की शुरुआत करने जा रही है। कंपनी अपना भव्य ग्रैंड ओपनिंग समारोह शुक्रवार 5 दिसंबर को आयोजित कर रही है. यह आयोजन कंपनी के नए और सुसज्जित कार्यालय-बी-32 प्रथम तल, इनर सर्कल, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में दोपहर 2-30 बजे से आरंभ होगा. साइकोरियन मैट्रिमोनियल सर्विसेज की संस्थापक रश्मि कपूर ने बताया कि यह नया ऑफिस आधुनिक सुविधायों, व्यक्तिगत काउंसलिंग स्पेस और उचस्तरीय क्लाइंट सर्विसिंग व्यवस्था से सुसज्जित है, जहां परंपरा और तकनीक का संगम करते हुए 'डेस्टिनी को जोड़ने' की उनकी भावना और मजबूत होगी. कंपनी ने कहा कि यह ग्रैंड ओपनिंग प्रीमियम मैचमेकिंग सेवाओं में एक नए युग की शुरुआत हैं, जिसमें परिवारों को और अधिक सहज, सुरक्षित एवं गोपनीय वातावरण में सर्वश्रेष्ठ मैचमेंकिंग सेवाएं प्रदान की जाएंगी समारोह में कई नामचीन हस्तियों, क्लाइंट्स और बिजनेस पार्टनर्स के शामिल होने की संभावना है.

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के निम्नलिखित इक्विटी शेयरों के प्रमाणपत्र खो गए हैं/गलत जगह पर रख दिए गए हैं और उक्त इक्विटी शेयरों के धारक/क्रेता ने कंपनी को डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदन किया है। उक्त शेयरों के संबंध में किसी भी व्यक्ति का दावा इस तिथि से 21 दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में अपना दावा प्रस्तुत करना चाहिए, अन्यथा कंपनी बिना किसी अतिरिक्त सूचना के उपरोक्त आवेदकों को डुप्लिकेट प्रमाणपत्र जारी करने की कार्यवाही करेगी।

**फोलियो नंबर :- 570432**
**शेयरधारक का नामः**
(1) निरंजन हीरालाल खरिड़िया
(खत्म हो चुका)
(2) बेला अनंग खारिडिया
(3) येस्मिना तरंग खरिडिया
**शेयरों की संख्या : 280**
**विशिष्ट संख्याएँ से - तक :-**
466330006 - 466330285
**प्रमाणपत्र संख्या:-** 3136932

**बेला अनंगभाई खारिडिया और येस्मिना तरंग खरिडिया**
**[शेयरधारकों का नाम]**
**दिनांकः 06-12-2025**
**कंपनी का नामः ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड.**
**कंपनी का पंजीकृत कार्यालय का पताः बिरलाग्राम, नागदा, मध्य प्रदेश, 456331**

## एक नजर में



### 31 .25 गीगावॉट में ऊर्जा वृद्धि का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली. 06 दिसंबर.** नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश ने अब तक की सबसे अधिक गैर-जीवाश्म क्षमता वृद्धि 31.25 गीगावाट दर्ज की है जो एक रिकार्ड है. श्री जोशी ने ओडिशा के पुरी में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025को संबोधित करते हुए शनिवार को ओडिशा के लिए लेड एग्रीगेशन (यूएलए) मॉडल के तहत 1.5 लाख रूफटॉप सौर यूएलए मॉडल की भी घोषणा की और कहा कि इससे राज्य में 7-8 लाख लोग लाभान्वित होंगे. उन्होंने कहा कि भारत की क्षमता 2022 तक एक गीगावाट थी लेकिन मात्र दो वर्षों में एक दूसरे टारगेट पर पहुंच गया है. पिछले 11 वर्षों में, देश की सौर क्षमता 2.8 गीगावाट से बढ़कर लगभग 130 गीगावाट हो गई है, जो 4,500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है. अकेले 2022 और 2024 के बीच, भारत ने वैश्विक सौर ऊर्जा वृद्धि में 46 गीगावाट का योगदान दिया और तब देश तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बन गया था.

### एक लाख गांव बाल विवाह मुक्त होंगे जल्द

**नई दिल्ली, 06 दिसंबर.** भारत में बाल विवाह की जड़ें गहरी हैं, लेकिन अब इस कुप्रथा को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा और संगठित कदम उठाया गया है. 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन' (जेआरसी) नामक संस्था ने राष्ट्रव्यापी पहल की घोषणा करते हुए एक वर्ष में एक लाख गांवों को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया है. यह प्रयास न केवल बाल अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, बल्कि केंद्र सरकार के 100-दिवसीय सघन जागरूकता अभियान को मजबूत आधार भी देता है. अभियान के लिए 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 450 जिलों को चिन्हित किया गया है.

### पाक, ईरान ने निष्कासित किए अफगान शरणार्थी

**काबुल, 06 दिसंबर.** पाकिस्तान और ईरान ने एक ही दिन में 2,900 से ज्यादा अफ़गान शरणार्थियों को ज़बरदस्ती वापस भेज दिया है. अफगानिस्तान सरकार के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी. पझवोक अफ़गान समाचार एजेंसी के अनुसार, इस्लामिक अमीरात अफ़गानिस्तान के प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रवासियों के मुद्दों को देखने वाले उच्चायोग की एक रिपोर्ट साझा की.इसमें दिखाया गया है कि शुक्रवार को 576 परिवार यानी कुल 2,965 लोग देश लौट आये. लौटने वाले लोग हेरात में इस्लाम काला क्रॉसिंग, निमरोज़ में पुल-ए-अब रेशम, कंधार में स्पिन बोल्डक, हेलमंद में बहरामचा और नंगरहार में तोरखम क्रॉसिंग से अफ़गानिस्तान में दाखिल हुए.

## आज का इतिहास

1825 भाप से चलने वाला पहला जहाज 'इंटरप्राइज' कोलकाता पहुंचा।
1856 देश में पहली बार आधिकारिक रूप से 'हिंदू विधवा' का विवाह कराया गया।
1941 जापानी विमानों ने हवाई स्थित पर्ल हार्बर में अमेरिकी बेड़े पर हमला किया जिसमें 2043 लोग मारे गये।
1944 जनरल रादेस्कू ने रोमानिया में सरकार का गठन किया।
1970 पश्चिम जर्मनी और पोलैंड के बीच संबंध सामान्य हुए।
1972 अमेरिका ने चंद्रमा के लिये अपने अभियान के तहत अपोलो 17 का प्रक्षेपण किया।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर झड़प में 4 की मौत

**इस्लाबाद, 06 दिसंबर अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा एक बार फिर हिंसक झड़पों की चपेट में आ गई है। कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक जिले में शुक्रवार रात पाकिस्तान की ओर से हुए हमले में चार अफगान नागरिकों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए।**

पझवोक अफगान एक रिपोर्ट के अनुसार, यह गोलीबारी रात 10 बजे शुरू हुई और लगभग एक बजे तक जारी रही। अफगान तालिबान शासन के मुख्य प्रवक्ता जिबहुल्लाह मुजाहिद ने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने अचानक अफगान चौकियों पर हमले किए, जिसके बाद अफगान बलों ने जवाबी कार्रवाई की. उन्होंने अधिक जानकारी साझा नहीं की, लेकिन यह स्पष्ट किया कि सीमा पर तनाव पिछले कुछ हफ्तों से लगातार बढ़ रहा है. एक सूत्र ने बताया कि पाकिस्तान ने मोर्टार दागे, जिससे चार नागरिकों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में एक महिला और एक पुरुष की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनका इलाज कंधार के मिरवाइस अस्पताल में चल रहा है. डूरंड लाइन के वेष, मढ़ल गली और लुकमान इलाकों में लगभग चार घंटे चली भीषण फायरिंग ने स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी।

**कार्यालय प्राधिकृत एवं उप वनमण्डलाधिकारी सेंधवा, (सामान्य) वनमण्डल सेंधवा, जिला - बड़वानी (म.प्र.)**
E-Mail - sdoftsendhwa@mp.gov.in, Mo.No. 9424793040

**-: विज्ञप्ति :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि अधोलिखित सूची में उल्लेखित वन अपराध प्रकरण में जप्त वाहन जिनका विवरण सूची में दर्ज है, को म.प्र. वन उपज (व्यापार विनियमन) अधिनियम 1969 की धारा 15 (4) के अंतर्गत अधिहृत (ष्टश्ठ्भ्ह्मष्ड्डह्लद्ग) किया जाना विचाराधीन है। किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा इनके मालिकाना हक या हित संबंधी दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

| अ. क्र. | वन परिक्षेत्र का नाम | वन अपराध प्रकरण क्रमांक | वन अपराध प्रकरण दिनांक | वाहन क्रमांक | वाहन का प्रकार | वाहन का इंजन नम्बर / चेचिस नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पानसेमल | 415/18 | 7.08.2025 | MP-46 ZF-7280 | मोटर साईकल हिरो एच. एफ. डिलक्स., रंग नीला - लाल | इंजन नम्बर MF4-97CM-ACK - 8 - A CKA चेचिस नम्बर MBLHAW381-S-5B54987 |
| 2 | वरला | 321/10 | 23.08.2025 | बिना नम्बर | मोटर साईकल होण्डा शाईन एस.पी. रंग ग्रे लाल पट्टा | इंजन नम्बर JC73ETOO92258 चेचिस नम्बर ME4JC731AHTO54566 |
| | | | | MP - 10 MN- 8745 | मोटर साईकल हिरो एच.एफ. डिलक्स, रंग लाल सफेद पट्टा | इंजन नम्बर HA11EFD9K 59187 चेचिस नम्बर MBLHA11EWD9K5433 |
| | | | | बिना नम्बर | एच.एफ. डिलक्स., रंग काला सफेद पट्टा | इंजन नम्बर HA11ENKGJ05179 चेचिस नम्बर - अस्पष्ट |
| 3 | धवली | 366/10 | 06.10.2025 | MP-10 MT अस्पष्ट -नम्बर | मोटर साईकल हिरो एच. एफ डिलक्स, रंग-काला लाल | इंजन नम्बर HA11ENH9C12705 चेचिस नम्बर MBLHAR234H9C11529 |

उक्त अधिनियम की धारा 15 (5) के तहत् उपयुक्त सूची में उल्लेखित वाहनों के संबंध में किसी भी प्रकार का हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों / संस्थाओं को कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी सेंधवा, वनमण्डल सेंधवा (सामान्य) में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए 07 दिवस का समय निर्धारित किया जाता है। नियत स्थल पर निर्धारित समय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं करने पर बाद की अवधि में प्रस्तुत अभ्यावेदन मान्य नही होंगे तथा सूची में उल्लेखित वन अपराध प्रकरण में जप्त वाहन मोटर साईकल के अधिहरण की एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

**(ओमप्रकाश बिडारे)**
**प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी सेंधवा (सामान्य)**

**G22336/25**

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

**न्यू पलासिया शाखा**
एम्बेसी टॉवर्स, ए1 न्यू पलासिया, इन्दौर - 452002 (म.प्र.)

**विक्रय सूचना का प्रकाशन (ई-नीलामी द्वारा)**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6)/ 9(1) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रुप से निम्न उल्लेखित ऋणी एवं जमानतदार को सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी / प्रभारित की गई है, जिसका **सांकेतिक कब्जा** इंडियन बैंक (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जिसे संपत्ति के ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार से इंडियन बैंक,सुरक्षित लेनदार को देय निम्न उल्लेखित राशि की वसूली हेतु **24.12.2025** को 'जैसा है जहां है', 'जैसा है वैसा है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर विक्रय किया जाएगा।
ई-नीलामी मोड के माध्यम से ब्रिकी के लिए रखी जाने वाली संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रं. | ऋणी/बंधककर्ता/ जमानतदार | संपत्ति का विस्तृत विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / सुरक्षित ऋण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बोली बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **1. श्री विशनदास कामरा पिता धनाराम कामरा (ऋणी एवं बंधककर्ता), 2. श्री शंकरलाल कामरा पिता धनाराम कामरा (ऋणी एवं बंधककर्ता), 3. महक कामरा पति श्री विशनदास कामरा एवं 4. श्रीमती नीतू कामरा पति श्री शंकर लाल कामरा (ऋणी)** **पता:** 301, द्वारकापुरी कॉलोनी, 60 फीट रोड के पास, इंदौर -452009। **अन्य पता :** मे. हरिओम कलेक्शन, दुकान नं.7 पुराणिक प्लाजा, 14/1, जेल रोड, इंदौर **अन्य पता :** 114, अलंकर पैलेस, अन्नपूर्णा रोड के पास, इंदौर **शाखा :** कालानी नगर इंदौर | सर्वे नं. / खसरा नं. 95/2,95/3, 96/2,96/3, 96/4, 96/5,96/6,96/7, 96/8,96/9,96/10, 96/11,96/12,96/13,96/14,96/15,96/16, 96/17, 96/18,96/19 97/2,97/4,97/5, प्लाट नं. 63 का पश्चिम भाग, अलंकार पैलेस, तेजपुर गड़बड़ी, इन्दौर - 452009. **क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट मालिक का नाम : श्री शंकरलाल कामरा एवं श्री विशनदास कामरा चर्तु:सीमा:** पूर्वः प्लाट नं. 63 का शेष भाग, पश्चिमः प्लाट नं. 64, उत्तरः कॉलोनी रोड़, दक्षिणः अन्य प्लाट **(प्रापर्टी आईडी): IDIB30142110780** | 09.11.2023 / 19.01.2024 / Rs.31,47,830.24 दिनांक 08-11-2023 तक / प्रापर्टी लोकेशन | Rs. 45,74,000/- / Rs. 4,57,400/- / Rs. 10,000/- |
| 2 | **1. श्रीमती कविता परयानी पति संतोष परयानी (ऋणी एवं बंधककर्ता), 2. श्री संतोष परयानी पिता श्री घनश्याम दास परयानी (सह-ऋणी),** **दोनों का पता:** फ्लेट नं. 201, दूसरी मंजिल, वृंदावन धाम 125, त्रिवेणी कॉलोनी एक्सटेंशन, इन्दौर-452009 (म.प्र.) **अन्य पता :** कविता बुटिक, फ्लेट नं. 201, दूसरी मंजिल, वृंदावन धाम 125, त्रिवेणी कॉलोनी एक्सटेंशन, इन्दौर-452009 **अन्य पता :** मेसर्स सांईकृपा ट्रेडर्स, जी-3, वृंदावन धाम 125, त्रिवेणी कॉलोनी एक्सटेंशन, इन्दौर-452009 **शाखा :** कालानी नगर इंदौर | सर्वे नं. / खसरा नं. 95/2,95/3, 96/2,96/3, 96/4, 96/5,96/6,96/7, 96/8,96/9,96/10, 96/11,96/12,96/13,96/14,96/15,96/16, 96/17, 96/18,96/19 97/2,97/4,97/5, प्लाट नं. 63 का पूर्वी भाग, अलंकार पैलेस कॉलोनी, तहसील एवं जिला इन्दौर, **क्षेत्रफल 500 वर्गफीट मालिक का नाम : श्रीमती कविता परियानी चर्तु:सीमा:-** पूर्वः प्लाट नं. 62, पश्चिमः प्लाट नं. 63 का शेष भाग, उत्तरः कॉलोनी रोड़, दक्षिणः अन्य प्लाट **(प्रापर्टी आईडी): IDIB30135139811** | 25.09.2023 / 16.12.2023 / Rs.16,27,807.28 दिनांक 24-09-2023 तक / प्रापर्टी लोकेशन | Rs. 22,87,000/- / Rs. 2,28,700/- / Rs. 10,000/- |

उपरोक्त संपत्तियों पर भार : कुछ नहीं
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 24.12.2025 को दोप. 02:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक**
बोलीदाताओं को ऑनलाईन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd की वेबसाइट **(https://baanknet.com)** पर जाने की सलाह दी जाती है। तकनीकी सहायता के लिए कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd Helpdesk No. 8291220220, email ID'- support.baanknet@psballiance.com एवं सेवा प्रदाता हेल्प डेस्क में उपलब्ध अन्य हेल्प लाइन नंबरों पर कॉल करें। PSB Alliance Pvt. Ltd के साथ पंजीकरण की स्थिति और ईएमडी की स्थिति के लिए कृपया support.baanknet@psballiance.com पर संपर्क करें। संपत्ति विवरण और संपत्ति की तस्वीर व नीलामी के नियम एवं शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com** देखें एवं इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया हेल्प लाइन नंबर '**Helpdesk No.8291220220** पर संपर्क करें।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **https://baanknet.com** की वेबसाइट में संपत्ति की खोज करते समय उक्त उल्लेखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

**स्थानः इन्दौर**
**दिनांक : 03-12-2025**

**प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**